कालीन निर्यात संवर्धन परिषद्
CARPET EXPORT PROMOTION COUNCIL
(Set up by Ministry of Textiles, Govt. of India)
Working Office : 2nd Floor, Rajiv Gandhi Handicrafts Bhawan, Baba Kharak Singh Marg, New Delhi – 110001
Phone : +91-11-233 647 16, 233 64717
E-mail : info@cepc.co.in, **Website :** www.cepc.co.in
Regd. Office : Shreejee Complex, Shop No. T-3, Sharma Market, Harola, Noida (U.P.)
Website of Ministry of Textiles : www.texmin.nic.in

प्रेस विज्ञप्ति

14 दिसंबर, 2020

आज, दिनांक 14 दिसंबर, 2020 - कालीन निर्यात संवर्धन परिषद ने बायपास रोड, हरियावां, भदोही स्थित अपने क्षेत्रीय कार्यालय को भदोही कार्पेट एक्सपो मार्ट, कार्पेट सिटी, भदोही - 221401 (उ° प्र°) परिसर में स्थानांतरित कर दिया है और इस नए कार्यालय का संचालन 14 दिसंबर, 2020 शुरू हो गया हैं । ज्ञात हो की भदोही कार्पेट एक्स्पो मार्ट उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 225 करोड़ की लागत से बनाया गया था तथा सन 2018 मे कालीन निर्यात संवर्धन परिषद को निविदा के द्वारा इसके संचालन के लिए आबंटित किया गया था । मार्ट मे कुछ कार्य अधूरे थे जिसके चलते परिषद को हस्तांतरित करने मे विलम्भ हुआ । कालीन निर्यात संवर्धन परिषद इस मार्ट का अधिक से अधिक उपयोग कर कालीन उद्योग को अगले स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

भदोही कालीन एक्सपो मार्ट में पूजा और उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद, श्री उमेश कुमार गुप्ता, श्री राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, श्री मोहम्मद वासिफ़ अंसारी, श्री श्रीराम मौर्य प्रशासनिक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष श्री सिद्ध नाथ सिंह ने उल्लेख किया कि परिषद भदोही-मिर्जापुर-वाराणसी के सभी प्रमुख हस्तियों / गणमान्य व्यक्तियों और सदस्यों-निर्यातकों के साथ भव्य समारोह आयोजित करना चाहता थे, लेकिन कोविड-19 के प्रतिबंध के कारण हमने उत्तर प्रदेश के प्रशासनिक समिति के सदस्यो की उपस्थिति मे ही पूजा का आयोजन किया हैं ।

श्री सिद्ध नाथ सिंह ने आगे उल्लेख किया कि मार्ट में कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के कार्यालय की स्थानांतरित करने के साथ, परिषद इसे पूरी तरह कार्यात्मक बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी । परिषद जल्द ही मार्ट में दुकानों के आवंटन और मार्ट में मेगा प्रदर्शनी के आयोजन की प्रक्रिया शुरू करेगी।

श्री सिद्ध नाथ सिंह को उम्मीद है कि राज्य सरकार परिषद को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की गतिविधि को आयोजित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगी, जो अंततः भदोही-मिर्जापुर और वाराणसी क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

श्री सिद्ध नाथ सिंह ने सदस्यों से भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग के हित में सदस्यों के समर्थन और सहयोग के लिए अनुरोध किया।